आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 23.10.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राज्य मंत्रिमण्डल ने मलिन बस्तियों के नियमितीकरण के लिए अध्यादेश की अवधि को तीन वर्ष बढ़ाने की मंजूरी दी।

- चिकित्सा शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के मद्देनजर उत्तराखंड के प्रत्येक राजकीय मेडिकल कॉलेज का गैप एनालिसिस किया जाएगा।

- खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग अगले दस दिन प्रदेश भर में मिलावट खोरी के खिलाफ सघन अभियान चलाएगा।

- चंपावत में ग्रामीण महिलाओं की आर्थिकी मजबूत करने के लिए आयोजित डिजाइन विकास कार्यशाला संपन्न।

मंत्रिमण्डल बैठक 01

प्रदेश सरकार ने मलिन बस्ती में रहने वालों को राहत दी है। राज्य मंत्रिमण्डल ने मलिन बस्तियों के नियमितीकरण के लिए अध्यादेश की अवधि तीन वर्ष के लिए बढा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया। कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए गृह सचिव शैलेश बगोली ने कहा कि शहरी विकास विभाग के द्वारा मलिन बस्तियों के लिए लाया गया अध्यादेश कैबिनेट ने मंजूर कर लिया है जिसकी अवधि 2027 में समाप्त होगी।

एक अन्य फैसले में मंत्रिमण्डल ने मुख्यमंत्री निःशुल्क गैस रिफिल योजना को अगले तीन साल के लिए बढाने के निर्णय पर अपनी सहमति दी है। गृह सचिव शैलेश बगोली ने बताय कि सरकार ने मानव वन्य जीव संघर्ष निधि के तहत घायलों को आर्थिक सहायता और आयुष्मान योजना का लाभ एक साथ देने का निर्णय लिया।

मंत्रिमण्डल ने एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी देते हुए पशुपालन सचिव बी०वी०आर०सी पुरुषोत्तम ने बताया कि चमोली, पिथौरागढ़ और उत्तरकाशी जिले से सीमावर्ती क्षेत्रों में आई.टी.बी.पी को खाने के लिए मांस और मछली उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे इस क्षेत्र के लोगों की आमदनी भी बढेगी।

कैबिनेट ने नागरिक उड्डयन विभाग के तहत हरिद्वार में हेलीपोर्ट बनने हेतु जमीन देने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है। मंत्रिमण्डल ने यह भी निर्णय लिया कि सैनिक कल्याण विभाग के तहत शौर्य चक्र, कीर्ति चक्र तथा वीर चक्र प्राप्त सैनिकों और वीरांगनाओं के रोडवेज में सफर के लिए बजट की व्यवस्था परिवहन विभाग की ओर से की जाएगी।

गैप एनालिसिस

प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के मद्देनजर प्रत्येक राजकीय मेडिकल कॉलेज का गैप एनालिसिस किया जाएगा, ताकि कॉलेजों में पर्याप्त फैकल्टी, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य तकनीकी स्टॉफ सहित चिकित्सकीय सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज देहरादून में विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में उन्हें गैप एनालिसिस कर एक सप्ताह के भीतर शासन को रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेजों की रिपोर्ट मेडिकल विश्वविद्यालय के कुलपति की देखरेख में तैयार की जाएगी। डॉक्टर रावत ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों की अंतर

विश्लेषण रिपोर्ट आने के बाद इसमें सुझाए गए प्रत्येक बिदुओं पर ठोस कार्यवाही की जाएगी। साथ ही इससे मेडिकल कॉलेज में आ रही समस्याओं के बारे में भी सही जानकारी मिल सकेगी।

## वायु वीर विजेता कार रैली

वायुसेना और उत्तराखंड युद्ध स्मारक की वायु वीर विजेता कार रैली आज शाम गुवाहाटी पहुंच रही है। इस रैली का प्रमुख उद्देश्य देश के युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह गुवाहाटी के लिए 32 वायु सेना और सेना अधिकारियों की वायु वीर विजेता कार रैली का नेतृत्व कर रहे हैं। 14 वाहनों वाली इस कार रैली को इस महीने की 8 तारीख को सियाचिन से हरी झंडी दिखाई गई थी और इसका समापन इस महीने की 29 तारीख को तवांग में होगा।

## समर्थ पोर्टल

उच्च शिक्षा विभागा के अन्तर्गत राज्य विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों में किन्हीं कारणों से प्रवेश न ले सकने वाले छात्रों के लिए कल और 25 अक्टूबर को समर्थ पोर्टल एक बार फिर से खोला जा रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत की ओर से इस संबंध अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

## सघन अभियान

खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग त्योहारी सीजन को देखते हुए अगले दस दिन प्रदेश भर में मिलावट खोरी के खिलाफ सघन अभियान चलाएगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इसके लिए अधिकारियों को टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में आयोजित बैठक में डॉ. रावत ने खासकर मैदानी जिले देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल में खाद्य पदार्थों की अधिक सैंपलिंग करने को कहा। स्वास्थ्य मंत्री में खाद्य पदार्थों और दूध से बने उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए हैं।

## डिजाइन कार्यशाला

केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की ओर से चंपावत जिले की ग्रामीण महिलाओं के लिए 25 दिवसीय डिजाइन विकास कार्यशाला संपन्न हुई। जिले के खेतीखान स्थित पिरूल सेंटर में मंत्रालय के हस्तशिल्प विकास विभाग के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यशाला में महिलाओं को पिरूल से निर्मित विभिन्न प्रकार की आधुनिक साजो समान की वस्तुओं के निर्माण के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रोजेक्टर डिजाइनर काजोल जायसवाल ने बताया कि वस्त्र मंत्रालय द्वारा देश के हर राज्य में प्रोजेक्ट व ट्रेनिंग प्रोग्रामो का आयोजन किया जाता है जिससे स्थानीय शिल्प को बढ़ावा दिया जा सके। प्रशिक्षण में लोहाघाट से आई अनीता धौनी ने बताया कि उन्हें पिरूल की पत्तियों से अलग–अलग प्रकार की सामग्री बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें टोकरी, डेकोस्टर, मोमेंटो ,बास्केट, ट्रे, ज्वेलरी आदि वस्तुएं शामिल हैं।

जुर्माना

खाद्य सुरक्षा अधिनियम का पालन न करने पर पौड़ी जिले में कई खाद्य कारोबारियों और विक्रेताओं पर तेरह लाख रूपये से अधिक का जुर्माना लगाया। जिला अभिहीत अधिकारी के निर्देश पर हुई सैम्पलिंग के बाद ये कार्रवाई की गई। न्याय निर्णायक अधिकारी इला गिरि ने बताया कि विभिन्न खाद्य पदार्थों में मिलावट की आ रही अनियमितताओं की सूचना पर अभियान चलाया गया था।

परीक्षा

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी पदों की मुख्य परीक्षा 26 व 27 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा हरिद्वार स्थित लोक सेवा आयोग केंद्र के चार भवनों सहित ज्वालापुर इंटर कॉलेज में संपन्न होगी। इन केन्द्रों पर ये परीक्षा दो सत्रों में कराई जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष व शुचितापूर्वक सम्पन्न के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

सम्मान

गोविन्द बल्लभ पन्त राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान के दो वरिष्ठ वैज्ञानिकों और एक पूर्व शोध छात्र को विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। अमेरिका के स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय, कैलिफ़ोर्निया, ने डॉक्टर आई.डी. भट्ट और संस्थान के पूर्व निदेशक दिवंगत डॉक्टर आर. एस. रावल तथा पूर्व शोध छात्र डॉक्टर तरूण बेलवाल शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हैं।

संक्षिप्त समाचार

देहरादून जिले के प्रेमनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ कई थाना क्षेत्रों में मुकदमा दर्ज हैं।

हरिद्वार जिले के मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के पीरपुरा गांव के पास दिल्ली—हरिद्वार बाइपास पर दो वाहनों की टक्कर में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर घायल हो गए।